आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

● वर्ष- 15 अंक-299 ● कटनी ● सोमवार, 6 दिसम्बर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● शुक्ल पक्ष-2 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें

WWW.yashbharat.co.in

### ओमिक्रॉन के बढ़ते खतरे के बीच NTAGI की मीटिंग आज

**नई दिल्ली।** कोरोना वैक्सीनेशन पर बने नेशनल टेक्निकल ग्रुप (NTAGI) की सोमवार को बैठक होगी। इसमें बच्चों के वैक्सीनेशन और बड़ों को एडिशनल डोज लगाने पर बात हो सकती है। इससे पहले न्यूज एजेंसी ने रिपोर्ट दी थी कि ह्य्य्ल्ल्ह्ल्ठ्ठ एडिशनल डोज और बच्चों को वैक्सीन लगाने के बारे में पॉलिसी लाने की तैयारी में है।

## न्यूजीलैंड को 372 रनों से हराया, घर में लगातार 14वीं सीरीज जीती

# टीम इंडिया की टेस्ट में सबसे बड़ी जीत

**मुंबई। मुंबई में खेले गए दूसरे टेस्ट में टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड को 372 रनों से हरा दिया। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में भारतीय टीम की रनों के हिसाब से ये सबसे बड़ी जीत रही। भारत ने ह्वं के सामने 540 रनों का टारगेट रखा था, लेकिन कीवी टीम सिर्फ 167 रन ही बना सकी और मुकाबला बड़े अंतर से हार गई।**





### जयंत ने मचाया तहलका

चौथे दिन न्यूजीलैंड की शुरुआत खराब रही और जयंत यादव ने रचिन रवींद्र (18) का विकेट हासिल कर टीम इंडिया को छठी कामयाबी दिलाई। रचिन रवींद्र ने कानपुर में खेले गए पहले टेस्ट में शानदार खेल दिखाते हुए न सिर्फ कीवी टीम को हार से बचाया था, बल्कि मैच ड्रॉ कराने में एक बड़ी भूमिका भी अदा की थी। छठे विकेट के लिए रवींद्र और हेनरी निकोल्स ने 90 गेंदों पर 33 रन जोड़े।जयंत ने अपने अगले ही ओवर में काइल जेमीसन (0) को LBW आउट किया। हालांकि जेमीसन ने हेनरी निकोल्स से विचार विमर्श के बाद रिव्यू लिया, लेकिन वह कीवी टीम के काम न आया और जयंत ने ह्वं को 7वां झटका पहुंचाया। इसी ओवर में यादव ने टिम साउदी (0) को बोल्ड कर दिया। जयंत ने दूसरी पारी में अपना चौथा और न्यूजीलैंड का 9वां विकेट विल सोमरविले (0) को आउट कर हासिल किया। जयंत यादव ने 49 रन देकर 4 विकेट अपने नाम किए।

### घर में अश्विन के 300 विकेट पूरे



हेनरी निकोल्स (44) को आउट करने के साथ ही आर अश्विन ने भारतीय सरजमीं पर अपने 300 विकेट भी पूरे किए। घरेलू मैदानों पर 300 टेस्ट विकेट लेने वाले अश्विन भारत के दूसरे और वर्ल्ड के छठे गेंदबाज बने।

देखें खेल पेज भी



## शिया वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष रहे वसीम रिजवी ने अपनाया हिंदू धर्म

**गाजियाबाद।** शिया वक्फ बोर्ड के पूर्व चेयरमैन वसीम रिजवी ने आज इस्लाम धर्म छोड़कर हिंदू धर्म अपना लिया। डासना मंदिर में महंत यति नरसिंहानंद सरस्वती ने उन्हें हिंदू धर्म ग्रहण कराया। इस दौरान महंत नरसिंहानंद ने कई तरह के अनुष्ठान भी किए। धर्म परिवर्तन के बाद रिजवी अब त्यागी बिरादरी से जुड़ेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सोमवार सुबह डासना देवी मंदिर में पूरे विधि-विधान से रिजवी को हिंदू धर्म ग्रहण गया। उनका नया नाम अब हरबीर नारायण सिंह त्यागी होगा। धर्म परिवर्तन से पहले रिजवी ने कहा था कि नरसिंहानंद गिरि महराज ही उनका नया नाम तय करेंगे।धर्म परिवर्तन करने के बाद वसीम रिजवी ने कहा कि आज से वह सिर्फ हिंदुत्व के लिए काम करेंगे। उन्होंने कहा कि मुसलमानों का वोट किसी भी सियासी पार्टी को नहीं जाता है। मुसलमान केवल हिंदुत्व के खिलाफ और हिंदुओं को हराने के लिए वोट करते हैं। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही वसीम रिजवी ने अपनी वसीयत जारी की थी। इस वसीयत में उन्होंने ऐलान किया था कि मरने के बाद उन्हें दफनाने के बजाय हिंदू रीति रिवाज से अंतिम संस्कार किया जाए। उन्होंने यह भी कहा था कि यति नरसिम्हानंद उनकी चिता को आग दें। इस वसीयत के बाद वसीम रिजवी का एक वीडियो भी सामने आया था, जिसमें उन्होंने खुद की हत्या की साजिश की आशंका जताई थी।

**अब त्यागी बिरादरी से जुड़ेंगे**

## 5 बच्चियों को लेकर कुंए में कूद गई महिला

**कोटा।** राजस्थान के कोटा में एक महिला ने अपनी 5 बच्चियों के साथ कुंए में कूदकर जान दे दी। 6 लोगों की सामूहिक हत्या के पीछे पारिवारिक विवाद को वजह बताया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक महिला पति से हर दिन हो रहे विवाद को लेकर परेशान थी और इसी के चलते उसने ऐसा अतिवादी कदम उठा लिया। वाकया रविवार सुबह का है, जब कोटा के चेचट पुलिस थाने के तहत आने वाले गांव में महिला ने कुंए में बच्चियों के साथ छलांग लगा दी। पुलिस ने सभी शवों को कुंए से निकाल लिया है और पोस्टमार्टम के बाद परिवार को शव सौंप दिए हैं। बच्चियों संग आत्महत्या करने वाली महिला की पहचान 40 वर्षीय बादाम देवी के तौर पर हुई है।

**एक साथ 6 की जलसमाधि, सो रही थीं दो बच्चियां**

### आंध्र प्रदेश में चलती कार में आग 6 लोगों की मौत ,2 की हालत गंभीर है

**चित्तूर।** आंध्रप्रदेश के चित्तूर में हुए एक भयानक सड़क हादसे में 6 लोग जिंदा जल गये, जबकि दो लोग गंभीर रुप से झुलस गये। ये घटना चंद्रगिरि अंचल के पास पुथलापट्ट-नैदुपेटा मार्ग की है। मिली जानकारी के मुताबिक तेल रिसाव की वजह से चलती कार में आग लग गई। इस कार में कुल 8 लोग सवार थे।आग इतनी तेजी से फैली कि लोगों को निकलने का मौका ही नहीं मिला। हादसे में पांच लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बाकी तीन लोगों को बुरी तरह झुलसी अवस्था में अस्पताल पहुंचाया गया, जहां 1 ओर शख्स की मौत हो गई। अन्य 2 कका इलाज चल रहा है।स्थानीय पुलिस के मुताबिक बाकी तीन लोगों को रेस्क्यू कर रुइया अस्पताल पहुंचाया गया था। जहां एक अन्य ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। बाकी दो बुरी तरह झुलसे हुए हैं और उनकी हालत भी गंभीर बताई जा रही है।ड्राइवर पर 13,500 रुपए का जुर्माना लगाया है।कार में सवार टूरिस्ट अटल टनल से नॉर्थ पॉर्टल की ओर जा रहे थे। तभी ड्राइवर ने टनल में दूसरी लाइन में जाकर ओवरटेक करने की कोशिश की। इस दौरान कार की रफ्तार बहुत तेज थी। इस घटना का वीडियो पीछे चल रही एक कार से बनाया गया है।

### अटल टनल में हादसा, ओवरटेक की कोशिश में दीवार से टकराई कार; 4 टूरिस्ट घायल

**कुल्लू।** हिमाचल के कुल्लू में अटल टनल रोहतांग के अंदर कार ड्राइवर को ओवरटेक करना महंगा पड़गया। टनल में ओवरटेक करते वक्त ड्राइवर कार से नियंत्रण खो बैठा। इसके बाद तेज रफ्तार में कार पहले टनल के एक हिस्से से फिर दूसरे दीवार से जा टकराई। इस कार में दिल्ली के 4 टूरिस्ट सवार थे। हादसे में उन्हें मामूली चोटें आई हैं। घटना का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने

### बाबरी विध्वंस की बरसी पर मथुरा में सुरक्षा कड़ी, चप्पे-चप्पे पर पुलिस का पहरा, कई मार्ग प्रतिबंधित

**मथुरा।** बाबरी मस्जिद के विध्वंस की बरसी पर मथुरा में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। पूरे शहर में भारी संख्या में सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। शहर को सुपरजोन, जोन और सेक्टरों में विभाजित किया गया है। कई सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है। कानून और व्यवस्था की स्थिति पर नजर रखने के लिए ड्रोन और सीसीटीवी का इस्तेमाल किया जा रहा है। वहीं 6 दिसंबर को सुरक्षा के मद्देनजर श्रीकृष्ण जन्मस्थान-शाही ईदगाह की ओर वाहनों का आवागमन रोक दिया गया है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन ने रूट डायवर्ट कर वाहनों को निकालने की व्यवस्था की है।

### तेलंगाना में 43 मेडिकल स्टूडेंट कोरोना पॉजिटिव

**नई दिल्ली।** तेलंगाना के बोम्मकल में चलमेडा आनंदराव इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस के 43 स्टूडेंट कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। करीमनगर के मेडिकल हेल्थ ऑफिसर ने इसकी जानकारी दी है। सभी छात्रों को क्वारैंटाइन कर दिया गया है और डॉक्टर्स की एक टीम की निगरानी इनका इलाज चल रहा है। देश में बीते दिन 8,306 नए कोरोना केस मिले और 211 लोगों की मौत हुई। साथ ही इस दौरान 8,834 लोग रिकवर हुए। फिलहाल 98,416 एक्टिव केस हैं, यह आंकड़ा पिछले 552 दिनों में सबसे कम है। कोरोना संक्रमण के चलते अब तक 4.73 लाख लोगों की मौत हुई है।

**रूसी विदेश मंत्री लावरोव से मिले जयशंकर**

## मोदी-पुतिन के बीच शाम को होगी शिखर वार्ता





**नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन आज एक दिन के भारत दौरे पर आ रहे हैं। दिल्ली पहुंचने के बाद रूसी राष्ट्रपति पुतिन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच शाम 5.30 बजे हैदराबाद हाउस में बातचीत होगी। इससे पहले, रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लैवरोव ने नई दिल्ली में विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ बातचीत की। यह मुलाकात 2+2 डायलॉग के तहत हुई। चर्चा से पहले जयशंकर ने कहा कि भारत और रूस के बीच पार्टनरशिप बेहद खास है। मुझे यकीन है कि हमारी आज की चर्चा बेहद कामयाब रहेगी। शाम 5.30 बजे रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और प्रधानमंत्री मोदी के बीच 21वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के तहत चर्चा होगी। माना जा रहा है कि मोदी और पुतिन की बातचीत के बाद दोनों देश साझा बयान जारी कर सकते हैं। इस दौरान समझौतों का भी ऐलान किया जा सकता है। कोविड महामारी शुरू होने के बाद रूस के राष्ट्रपति का यह दूसरा विदेशी दौरा है।

### पहली बार भारत-रूस में 2+2

#### बातचीत

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 2+2 डायलॉग के तहत रूसी रक्षा और विदेश मंत्री से मुलाकात करने जा रहे हैं। भारत के साथ यह दर्जा हासिल करने वाला रूस चौथा देश है। इसके तहत पहले से आने वाले बाकी 3 देश क्वॉड के सदस्य हैं। ये हैं- अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया।

### रूस-भारत में 10 समझौते हो सकते हैं

रूसी एक्सपर्ट एंड्री कोर्योब ने न्यूज एजेंसी से बातचीत में कहा, च्मोदी-पुतिन के अलावा दोनों देशों के रक्षा और विदेश मंत्रियों की बातचीत यह साबित करती है कि दोनों देश एक-दूसरे को कितनी अहमियत देते हैं। मुझे लगता है कि दोनों देशों के बीच कम से कम 10 समझौते हो सकते हैं। ट्रेड, एनर्जी, कल्चर, डिफेंस, स्पेस और टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में तो दोनों देशों का आगे बढ़ना तय है। दोनों ही नहीं चाहते कि इस मामले में किसी तीसरे देश का दखल हो।

## मौके पर चौका मारेंगी ममता? यूपी से गोवा-मणिपुर तक टीएमसी के तेवर से बिगड़ेगा कांग्रेस का खेल!



**नई दिल्ली।** कभी मिलकर भाजपा को सत्ता बेदखल करने की बात करने वाली कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस के बीच अदावत अब किसी से छिपी नहीं है। दोनों पार्टियां खुलकर एक दूसरे के खिलाफ बयानबाजी कर रही हैं। पर, पिछले कुछ दिनों में तृणमूल ने जिस तरह खुद को विपक्ष के मजबूत चेहरे के तौर पर पेश किया है, उससे कई राज्यों के चुनावी समीकरण बिगड़ सकते हैं। तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के तेवरों से साफ है कि वह अब किसी भी कीमत पर आगे बढ़ना चाहती हैं। ऐसे में गोवा, मणिपुर और उत्तर प्रदेश में तृणमूल की वजह से कांग्रेस को नुकसान हो सकता है। क्योंकि, यूपी में ममता समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन में कुछ सीट पर चुनाव लड़ सकती हैं, पर इसके जरिए तृणमूल विपक्ष की दूसरी पार्टियों को एकजुट कर कांग्रेस को अलग-थलग करने का संदेश देने की कोशिश करेगी। पश्चिम बंगाल के चुनाव में एनसीपी, झारखंड मुक्ति मोर्चा और समाजवादी पार्टी सहित विपक्षी दलों ने कांग्रेस के चुनाव लड़ने के बावजूद तृणमूल कांग्रेस का समर्थन किया था।

## नगालैंड में16 बेगुनाह लोगों की मौत कैसे?

# विपक्ष का संसद में हंगामा

**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र में सोमवार का दिन काफी हंगामेदार रहा। दोनों सदनों में विपक्ष ने नगालैंड में हुई फायरिंग की घटना को उठाया। विपक्ष ने इस मुद्दे पर दोनों सदनों में हंगामा किया। विपक्ष की तरफ इस पूरे मामले पर केंद्रीय गृहमंत्री मंत्री अमित शाह की तरफ से बयान देने की मांग की गई। विपक्ष के हंगामे को देखते हुए राज्यसभा की कार्यवाही को दोपहर तक के लिए स्थगित कर दिया गया।



### कांग्रेस ने लोकसभा में उठाया मुद्दा

लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल के नेता अधीर रंजन चौधरी ने नगालैंड में हुई फायरिंग के मामले को उठाया। लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन ने नगालैंड में असम राइफल्स के जवानों की फायरिंग में बेकसूर लोगों के मारे जाने के मुद्दे को उठाया। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री को सदन में बयान देना चाहिए।

### गृह मंत्री के जवाब की मांग शाम को देंगे शाह

पीएम ने बुलाई हाईलेबल बैठक ,ग़हमंत्री दोपहर बाद देंगे जवाब नगालैंड में हुए हादसे के बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाई लेवल की बैठक बुलाई है। इसमें गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत सभी वरिष्ठ नेता शामिल हैं। इसके बाद इस घटना के बारे में अमित शाह शाम को दोनों सदनों में बयान देंगे। लोकसभा में वे 3 बजे जवाब देंगे और 4 बजे राज्यसभा में जवाब देंगे। उल्लेखनीय हे कि नगालैंड में हुए हिंसक टकराव के मामले में सेना की टुकड़ी पर स्नढ्ढक्र दर्ज कर ली गई है। इसमें इरादतन हत्या की धाराएं लगाई गई हैं। राज्य सरकार ने केस क्राइम ब्रांच को सौंप दिया है और इसकी जांच के लिए 5 सदस्यीय टीम गठित की है। दरअसल, यहां मोन जिले में रविवार को आर्मी की फायरिंग में 14 नागरिकों और एक जवान की मौत हो गई थी। हादसे के बाद गुस्साए लोगों ने असम राइफल्स पर हमला किया जिसमें एक और नागरिक मारा गया। ह्लह्लझ्रङ्क की रिपोर्ट के मुताबिक, मोन टाउन में कर्फ्यू लगा दिया गया है। सोमवार तक के लिए इंटरनेट बंद कर दिया गया है। जरूरी सामान की सप्लाई छोड़कर सभी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है।

# भारत में वायरस की स्पीड से टेंशन, हर जगह डर का माहौल

**1 दिन और ओमिक्रॉन के 17 केस**



**नई दिल्ली।** सावधान रहें, देश में कोरोना के नए रूप 'ओमिक्रॉन' का संक्रमण तेजी से बढ़ रहा है। रविवार को दिल्ली में ओमिक्रॉन से संक्रमित पहला मरीज मिला तो वहीं, महाराष्ट्र में सात और राजस्थान में नौ लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई। इसके साथ ही अब तक 21 लोग इस ओमिक्रॉन वायरस की चपेट में आ चुके हैं। इससे पहले कर्नाटक में भी ओमिक्रॉन के मरीज मिले थे। कुल मिलाकर एक दिन में ही कोरोना वायरस के नए वेरिएंट ओमिक्रॉन के 17 मामले सामने आए, जिससे देश में डर का माहौल बन गया। हालांकि- राहत की बात है कि किसी की भी हालत गंभीर नहीं है।

दिल्ली- संक्रमित तंजानिया से आया था

दिल्ली में ओमिक्रॉन से संक्रमित 37 वर्षीय व्यक्ति कुछ दिन पहले ही तंजानिया से यात्रा करके आया था। जीनोम सिक्वेंसिंग की रिपोर्ट में ओमीक्रोन की पुष्टि होने के बाद अब उसका एलएनजेपी में बने विशेष वार्ड में उसका इलाज चल रहा है। स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने बताया कि विदेश से आने वाले सभी लोगों की आरटीपीसीआर जांच हो रही है। अभी तक कुल 17 लोग पॉजिटिव मिले थे। इन्हें एलएनजेपी में भर्ती कराया गया है। सभी 17 की रिपोर्ट जीनोम सिक्वेंसिंग के लिए भेजी गई थी। इनमें से 12 की रिपोर्ट आई है जिसमें तंजानिया से आए व्यक्ति में ओमिक्रॉन की पुष्टि हुई है। हालांकि, उन्होंने कहा कि यह प्राथमिक रिपोर्ट है लैब से अंतिम रिपोर्ट सोमवार तक आएगी। वर्तमान में कुल 23 लोग एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती है, जिसमें 17 कोविड पॉजिटिव व 6 लोग उनके सीधे संपर्क में आएं लोग है।

## नोबेल विजेता सू की को 4 साल की जेल


**नई दिल्ली।** नोबेल पुरस्कार विजेता म्यांमार की एक कोर्ट ने लोकतंत्र समर्थक नेता आंग सान सू की को 4 साल की जेल की सजा सुनाई है। उन्हें सेना के खिलाफ असंतोष भड़काने और कोरोना नियम तो?ने का दोषी माना गया है। म्यांमार में 1 फरवरी 2021 की रात सेना ने तख्तापलट करते हुए सू की हाउस अरेस्ट कर लिया था। मिलिट्री लीडर जनरल मिन आंग हलिंग तब से देश के प्रधानमंत्री हैं। उन्होंने कहा था कि 2023 में आपातकाल खत्म कर दिया जाएगा और आम चुनाव कराए जाएंगे। तख्तापलट के बाद म्यांमार में खूनी संघर्ष हुआ था। इसमें 940 लोग मारे गए थे।

### ब्लाउज को लेकर पति से झगड़ा, महिला ने दे दी जान

**हैदराबाद।** हैदराबाद में एक मामूली विवाद में एक परिवार तबाह हो गया। यहां एक महिला ने अपने दर्जी पति द्वारा मनपसंद ब्लाउज नहीं सिलने पर आत्महत्या कर ली है। मिली जानकारी के मुताबिक महिला का पति दर्जी का काम करता है और उसने अपनी पत्नी का मनपसंद का ब्लाउज नहीं सिला तो नाराज होकर महिला ने आत्महत्या कर ली है।हैदराबाद में 35 वर्षीय विजयलक्ष्मी का अपने पति के साथ ब्लाउज सिलने को लेकर विवाद हुआ था। आपस में कहासुनी होने के बाद महिला का शव बेडरूम में मिला था।

## मप्र के89 विकास खंडों में ग्रामसभा तय करेगी साहूकारी होगी या नहीं

### साहूकारी और पेसा अधिनियम के तहत ग्रामसभा को रहेगा अधिकार



**भोपाल।** मध्य प्रदेश में आदिवासियों को साहूकारों के शोषण से बचाने और विकास की मुख्यधारा में लाने के लिए शिवराज सरकार लगातार बड़े फैसले कर रही है। 89 आदिवासी विकासखंडों में अनुसूचित जनजाति वर्ग के व्यक्तियों द्वारा गैर पंजीकृत साहूकारों से लिए गए ऋ्रण को शून्य करने के बाद अब मध्य प्रदेश पंचायत उपबंध अनुसूचित क्षेत्रों में विस्तार (पेसा) अधिनियम लागू कर दिया है। इससे अब ग्रामसभा तय करेगी कि गांव में साहूकारी करने के लिए किसी को पंजीकृत करना है या नहीं। खदान व शराब दुकान के संचालन के लिए भी ग्रामसभा की अनुमति जरूरी होगी। विकास योजनाओं को अंतिम रूप भी ग्रामसभा ही देगी। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की अधिसूचना जारी होने के बाद अब नियम बनेंगे और फिर संबंधित विभागों द्वारा विभिन्न् अधिकारों से जुड़ी अधिसूचनाएं जारी कर जाएंगी। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 12 हजार से ज्यादा गांव 89 आदिवासी विकासखंडों में आते हैं। पेसा अधिनियम के माध्यम से ग्रामसभा को सशक्त बनाया गया है। अब आदिवासी बहुल इन गांवों में कौन से विकास के कार्य कराए जाने हैं और प्राथमिकता क्या रहेगी, यह ग्रामसभा ही तय करेगी।



# अनुमति के बाद ही निकलेंगे जुलूस

## सभाओं और ध्वनि विस्तारक यंत्रों की भी लेनी होगी अनुमति

**कटनी।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल द्वारा 4 दिसम्बर 2021 को त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2021-22 हेतु कार्यक्रम जारी किया गया है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुपालन में कटनी जिले में राजनैतिक पार्टियों तथा व्यक्तियों द्वारा जुलूस, जनसंपर्क आम सभाओं का आयोजन, ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग सक्षम अधिकारी की अनुमति के पश्चात ही किया जा सकेगा। लोक परिशांति बनाये रखने एवं निर्वाचन प्रक्रिया के शांतिपूर्ण परिमंचालन हेतु म0प्र0 कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 तथा ध्वनि प्रदूषण (विनिमयन एवं नियंत्रण) नियम 2000 के तहत 4 दिसम्बर 2021 से आदर्श आचरण संहिता लागू रहने तक की अवधि के लिये अपर जिला मजिस्ट्रेट रोमानुस टोप्पो द्वारा आदेश दिय गये है कि कोई भी व्यक्ति ध्वनि विस्तारक यंत्र जैसे लाउड स्पीकर, डेक, डीजे इत्यादि का उपयोग या प्रदर्शन किसी आमसभा, सम्मेलन, जुलूस, कार्यक्रम, जलसा, टी0व्ही0 एल0सी0डी0 या चलित वाहन में नहीं करेगा। उक्त आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध म0प्र0 कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 के प्रावधानों के अंतर्गत दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है। जिले के समस्त संबंधित रिटर्निंग आफीसर/सहायक रिटर्निंग आफीसर मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल के द्वारा जारी निर्देशों के अंतर्गत 48 घण्टे पूर्व की सूचना के उपरान्त प्रात: 06:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक ध्वनि विस्तारकों के 1/4 वॉल्यूम में अनुमति दे सकेंगे। माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार रात्रि 10:00 बजे से प्रात: 06:00 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग पूर्ण रूपेण प्रतिबंधित रहेगा। यह आदेश तत्काल प्रभाव से कटनी जिले अन्तर्गत आने वाले निर्वाचन क्षेत्रों एवं राजस्व सीमाओं के अन्तर्गत प्रभावशील रहेगा।




### धार्मिक स्थानों पर नहीं होगा आम सभा का आयोजन

अपर जिला मजिस्ट्रेट कटनी रोमानुस टोप्पो द्वारा दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत प्रतिबन्धात्मक आदेश जारी किया गया है। यह आदेश आदर्श आचरण संहिता लागू रहने तक के लिये त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2021-22 हेतु जिले की राजस्व सीमाक्षेत्र में प्रभावशील रहेगा। जारी आदेश के तहत किसी भी व्यक्ति को चुनाव प्रचार-प्रसार रैली सभा स्थलो आदि में किसी भी प्रकार के घातक अस्त्र शस्त्र जैसेः फार्म नं0 3 जानमाल सुरक्षा हेतु स्वीकृत शस्त्र एवं फार्म नं0-5 में फसल सुरक्षा हेतु स्वीकृत लायसेन्सो में दर्ज शस्त्रों एवं फरसा, बल्लम, तलवार, भाला, चाकू, छुरा, कुल्हाडी, गुप्ती, बरछी, त्रिशूल, इत्यादि लेकर आना-जाना अथवा उनका सार्वजनिक स्थल पर उपयोग व प्रदर्शन करने से प्रतिबंधित किया गया है। कोई भी राजनीतिक दल या व्यक्ति कटनी जिले की राजस्व सीमाक्षेत्र के अन्तर्गत किसी भी धार्मिक स्थान पर न तो आम सभा का आयोजन करेगा और न ही ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग करेगा। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान कोई भी राजनीतिक दल या अभ्यर्थी अनाधिकृत आयोजन अथवा जुलूस नहीं निकालेगा और न ही आपत्तिजनक नारेबाजी करेगा और नहीं आपतिजनक पोस्टर, पम्पलेट वितरित करेगा। इसके साथ ही आदेश के तहत कोई भी राजनीतिक दल अथवा उनके द्वारा आमसभा, जुलूस, प्रदर्शन, ध्वानि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग बगैर सक्षम अधिकारी की लिखित अनुमति बिना नहीं किया जा सकेगा। कोई भी राजनैतिक दल अथवा कोई व्यक्ति किसी सार्वजनिक स्थान या शासकीय या अर्धशासकीय सम्पति स्थल, भवन भूमि परिसर, संरचना आदि का उपयोग समयाचना करने के उद्देश्य से नही करेगा एवं कोई पोस्टर, बैनर, दीवार पर लेखन, दीवार पर निर्वाचन प्रतीक दल के प्रतीक झण्डे आदि लगाने पर प्रतिबंध रहेगा तथा किसी भी प्रकार का लेख आदि नहीं किया जा सकेगा। इसी प्रकार निजी सम्पत्ति पर बगैर भूमिस्वामी की लिखित अनुमति के उपरोक्त कार्य करना भी प्रतिबंधित किया गया है। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति पर धारा 188 भारतीय दण्ड संहिता एवं विविध अधिनियम, निर्वाचन नियम के अन्तर्गत दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। यह आदेश 4 दिसम्बर 2021 से आगामी आदेश तक प्रभावशील होगा। उक्त आदेश कटनी जिले अन्तर्गत आने वाली निर्वाचन क्षेत्रों एवं राजस्व सीमाओं के अन्तर्गत लागू होंगे।

### पंचायत चुनाव : जमा कराए जा रहे शस्त्र

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग 4 दिसम्बर को त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2021-22 के लिये निर्वाचन का कार्यक्रम घोषित किए जाने के फलस्वरूप कटनी जिले के अंतर्गत जिला/जनपद/ग्राम पंचायत/पंच के आम निर्वाचन हेतु 4 दिसम्बर 2021 से 23 फरवरी 2022 तक आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। जिसके परिप्रेक्ष्य में चुनाव प्रचार-प्रसार रैली संचालन, साम्प्रदायिक सद्भाव, लोक व्यवस्था बनाये रखने की दृष्टि से अपर जिला मजिस्ट्रेट रोमानुस टोप्पो द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान कटनी जिला अन्तर्गत समस्त आत्मसुरक्षा के लिये फार्म नं. 3 में एवं फसल सुरक्षा हेतु फार्म नं-5 में जारी त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2021 22 हेतु जिले की राजस्व सीमाक्षेत्र में शस्त्र अनुजप्ति को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इस संबंध में आयुध अधिनियम 1959 की धारा की उपधारा (3) के प्रावधानों के तहत कटनी जिले के अन्तर्गत निर्वाचन क्षेत्रांतर्गत थाना क्षेत्रों में शस्त्र अनुजप्तियां तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुये आदेश किया गया है। जारी आदेश के तहत समस्त अनुज्ञप्तिधारियों को अपने शस्त्र कस्टडी के लिये 11 दिसम्बर 2021 तक अनिवार्य रुप से जमा कराने के आदेश दिये गये हैं। इस आदेश के तहत मजिस्ट्रेट, पुलिस सशस्त्रबल, सेना, होमगार्ड, एन.सी.सी. कमर्शियल बैंकों की सुरक्षा हेतु पदस्थ सुरक्षा गार्डो को सुरक्षा की दृष्टि से जो शस्त्र अनुज्ञप्ति फार्म नं. 3 में कर्तव्य निर्वहन हेतु प्रदाय की गई, उन्हें मुक्त रखा गया है। यह आदेश 4 दिसम्बर 2021 से 23 फरवरी 2022 तक के लिए प्रभावशील होगा। इस अवधि के पश्चात जमा शस्त्रों को अनुज्ञप्तिधारियों को वापस करने समस्त थाना प्रभारियो/आर्म्स डीलरों को निर्देशित किया गया है। साथ ही अनुज्ञप्तिधारियों के द्वारा जमा किए जाने वाले शस्त्रों को अपनी अभिरक्षा में रखने की समुचित व्यवस्था करने तथा अनुज्ञप्तिधारियों को शस्त्र जमा करने की रसीद अवश्य देने के निर्देश भी दिये गये हैं। वहीं जिन शस्त्र अनुज्ञप्तियों का नवीनीकरण नहीं है, शस्त्र जमा कर उन्हें नवीनीकरण कराने के लिये कहा गया है तथा अनुजप्तिधारियों को अनुज्ञप्ति के नवीनीकरण होने के पश्चात् ही शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी को वापिस किये जाने के निर्देश भी दिये गये हैं। यह आदेश कटनी जिले अन्तर्गत आने वाली त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन क्षेत्रों एवं राजस्व सीमाओं के अन्तर्गत लागू होंगे।

### पंचायत चुनाव की आचार संहिता लागू

राज्य निर्वाचन आयोग मध्यप्रदेश द्वारा 4 दिसम्बर 201 को त्रि-स्तरीय पंचायत के आम निर्वाचन वर्ष 2021 की तिथियों की घोषणा कर दी गई है। जिसके फलस्वरुप कटनी जिले में भी आदर्श आचरण संहिता त्रि-स्तरीय पंचायत में तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। त्रि-स्तरीय पंचायतों के निर्वाचन शांतिपूर्ण तथा शालीन वातावरण में निष्पक्ष और स्वतंत्र रुप से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श आचरण संहिता तैयार की गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन ने जिले के समस्त संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदर्श संहिता का अक्षरशः पालन किया जाना सुनिश्चित करें।

## कैशबुक का संधारण सीखा शिक्षकों ने

जबलपुर से आये बीएड प्रशिक्षणार्थियों को मिला प्रशिक्षण



**कटनी।** जबलपुर पीएसएम कालेज से बीएड का प्रशिक्षण ले रहे शिक्षकों का निर्धारित एक महीने का बाह्य प्रशिक्षण पूर्ण होने पर शासकीय माध्यमिक शाला एनकेजे में प्रशिक्षणार्थियों के सम्मान में एक विदाई समारोह का आयोजन प्रभारी प्रधानअध्यापक मार्तण्ड सिंह राजपूत क़ी अगुआई में किया गया। केसबुक निर्माण करने के जानकारी देते हुए प्रभारी प्रधानाध्यापक ने बताया कि केस बुक विद्यालय का सबसे अहम और महत्वपूर्ण रिकार्ड है, इसे लम्बे समय तक लम्बित नहीं रखा जा सकता है, इसकी जानकारी से सभी क़ो उनके द्वारा परिचित करा दिया गया है। बुक बेंक और पुस्तकालय के रखरखाव के विषय मेंशालेय प्रभारी श्रीमति निधि पटेरिया ने जानकारी देते हुऐ बतायीं कि प्रशिक्षणार्थियों क़ो इसकी बारीकी से ज्ञान देने में उन्होंने कोई कोर कसर नहीं छोड़ी हैं। 27नवम्बर से 4 दिसम्बर तक एनकेजे विद्यालयमें प्रशिक्षण हेतू आये प्रशिक्षुओं क़ो विद्यालय एनकेण्जेण्द्वारा उन्हें एक आदर्श शिक्षक बनने के वे समस्त गुर सिखाए गये, जो उन्हें भविष्य में विद्यालय संचालन से लेकर अध्यापकीय कार्यो के प्रदर्शन में सहायक होंगे। प्रभारी प्रधानपाठक मार्तण्ड सिंह राजपूत ने बताया कि सभी प्रशिक्षुओं में सीखने क़ी ललक थी।सभी ने पूर्ण अनुशासन में रहकर अपना प्रशिक्षण प्राप्त किया।

## बस की टक्कर से घायल युवक की मौत

**कटनी।** कुठला थाना क्षेत्र अंतर्गत एक युवक की बस की टक्कर लग जाने से मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार मेन रोड चाका में 16 नवंबर को बस क्रमांक एम.पी.17पी-3351 के चालक ने राजेश कश्यम पिता बहादुर उर्फ माता बादल कश्यप निवासी जबलपुर को टक्कर मार दी थी। जबलपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए मामले को जांच में लिया है।

## किशोर का अपहरण

**कटनी।** स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में किशोर के अपहरण किए जाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार एक 17 वर्षीय किशोर को घर से टेंट में काम करने के बहाने 27 नवंबर को ले जाया गया है। किशोर आजतक घर नहीं पहुंचा। सूचना पर पुलिस ने धारा 363 का तहत प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## क्षेत्र की जरूरतों को लेकर सीएम से मिले संजय

बगैया, नदावन, खितौली, विजयराघवगढ़, कैमोर, बरही के बायपास सहित अन्य प्रमुख मार्गों की स्वीकृति कर निर्माण हेतु सौपा पत्र

**कटनी। विजयराघवगढ़ विधानसभा के सतत विकास के प्रयत्नशील रहने वाले विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने भोपाल में प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से भेंट कर विधानसभा क्षेत्र विजयराघवगढ़ की प्रमुख मांग पिपरिया-बगैहा से नदावन-खितौली मार्ग, कटनी बरही मार्ग में मझगवां से बरही, बरही रोड से कांटी होते विजयराघवगढ़ मार्ग, बरही बायपास, मार्ग, विजयराघवगढ़ कैमोर बायपास मार्ग को अतिशीघ्र निर्मित कराने के साथ क्षेत्रहितैषी महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों की स्वीकृति हेतु अनुरोध किया। विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक द्वारा क्षेत्र के विकास की योजनाओं के लिए विधानसभा में भी आवाज उठाते रहें है विजयराघवगढ़ विधानसभा में लगातार प्रयासों के द्वारा सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं के साथ ही जनता की सुरक्षा और उन्हें विकास की मुख्य धारा से जोड़ने की दिशा में काम हुए हैं। विकास की यह प्रक्रिया निरंतर जारी है।**



इसी तरह संजय पाठक के प्रयासों से विजयराघवगढ़ विधानसभा में गाँव-गाँव पेयजलापूर्ति एवं सिंचाई के महानदी के बाणसागर परियोजना के बैक वाटर, उमराड नदी, नर्मदा नहर के माध्यम से उपलब्ध होने वाले जल को समबेल वॉटर ओवरहैड टैंक बनाकर पाइप लाइनों के माध्यम से घर-घर, खेत-खेत तक पहुंचाने की योजना बनाकर लागू करवाने पर प्रयास हो रहें है आज विधानसभा के दोनों नगर परिषद व 65 गावों में इस तरह की योजनाओं से नलजल आपूर्ति प्रारंभ करने के काम प्रारंभ है जबकि बरही नगर परिषद क्षेत्र में योजना पूर्ण हो चुकी है।



## दिलराज युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बने

**कटनी।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार ने आज प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों की घोषणा की है। जिसमे कटनी जिले के युवा नेता समाजसेवी दिलराज अमर सिंह को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनोनीत किया है। दिलराज की नियुक्ति पर भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## युवक के साथ मारपीट



**कटनी।** प्रदीप कुमार रजक पिता संतोषी रजक निवासी मातवर पड़रिया थाना कुठला खेत में पानी लगाने के कारण गांव के ही एक आदमी डंडे से मारपीट की गई है। इसमें युवक घायल हो गया है। घायल को पहले उस स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए लेकिन हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल में भर्ती किया गया हैए जहां उपचार चल रहा है।

## 27 बोरी गेहूं व तराजू चोरी


**कटनी।** बरही थाना क्षेत्र के अंतर्गत अनाज चोरी का मामला सामने आया है। थाना प्रभारी संदीप अयाची ने बताया कि ग्राम कुआं में जगन गुप्ता के यहां से अज्ञात बदमाशों ने 27 बोरी गेहूं एवं इलेक्ट्रानिक तराजू पार कर दी है। फरियादी की सूचना पर बरही पुलिस ने मामले को जांच में लिया है व आरोपियों की तलाश कर रही।

## मुख्य मार्ग में पानी छिड़काव के साथ सफाई, विभिन्न स्थलों में किया कचरे का उठाव

**कटनी।** निगम प्रशासन द्वारा नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था हेतु रोजाना किये जा रहे प्रयासों के तहत नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों के विभिन्न मुख्य मार्गो सहित अन्य मार्गो की सफाई कराई जाकर अपशिष्ट के उठाव का कार्य किया गया। बरगवां मुख्य मार्ग में नागरिकों की सुविधा एवं सुगम यातायता को दृष्गित रखते हुए टेंकर के माध्यम से पानी का छिडकाव किया जाकर झाडू लगाकर घूल मिट्टी की सफाई कार्य अनवरत जारी है। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी नें जानकारी देते हुए बताया कि प्रातःकालीन सफाई व्यवस्था के तहत स्वच्छता दूतों के माध्यम से बस स्टेण्ड परिसर के विभिन्न स्थलों सहित नदीपार बस स्टेण्ड से इंडिया होटल तक के डिवाईडरों के दौनों ओर, आजाद चौक मुख्य मार्ग, मिशन चौक ओव्हर ब्रिज के नीचे, रामजानकी हनुमान वार्ड मस्जिद के पास एवं बडे हनुमान मंदिर के सामनें सहित अन्य स्थलों, शिवाजी वार्ड स्थित एन.के.जे. मार्ग एवं सब्जी मंडी, मोहल्ला, लखेरा मार्ग, चंदी की दफई प्वाइंट सहित सुगम यातायात हेतु बरगवां से दुगाडी नाला तक मुख्य मार्ग के किनारें पानी का छिडकाव किया जाकर धूल मिट्टी की सफाई सहित कार्यालय कलेक्ट्रेट से दुगाडी नाला मुख्य मार्ग स्थित डिवाईडरों के दौनों ओर धूल एवं मिट्टी की सफाई का कार्य कराया गया। नगर के विभिन्न स्थलों से सुगम पानी के निकासी हेतु जालपा देवी वार्ड स्थित गौतम गली की नालियों, कावस जी वार्ड भट्टा मोहल्ला बाल किशन एवं सुजीत वंशकार के घर के सामनें व नगर के अन्य स्थलों के नाले नालियों की सफाई का कार्य किया गया। नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए विभिन्न वार्डो से डोर टू डोर कचरे के संग्रहण एवं मुख्य मार्गो एवं अन्य मार्गो के कचरे के प्वाइंटों की सफाई की जाकर नगर को साफएवं स्वच्छ रखनें के प्रयास किये गए।





सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज




रोजाना 4 शो ता. 03 से दोपहर 1, 3.30, 6 एवं रात्रि 8.30 बजे से
तड़प
कलाकार- अहान शेट्टी, तारा सुतारिया, सौरभ शुक्ला, कुमुद मिश्रा, सुमित गुलाटी आदि।
एडवांस बुकिंग चालू है

सिटी मॉल बरही रोड में
शानदार दूसरा सप्ताह




रोजाना 3 शो ता. 03 से दोपहर 4.30, 7.30, एवं रात्रि 10 बजे से
अंतिम
(The Final Truth)
कलाकार- सलमान खान, आयुष शर्मा, महिमा मकवाना, महेश मांजरेकर, निकितिन धीर आदि।
एडवांस बुकिंग चालू है

नीरज सिनेप्लेक्स में




शानदार दूसरा सप्ताह
रोजाना 2 शो ता. 03 से दोपहर 12 एवं 3 बजे से
सत्यमेव जयते-2
कलाकार- जॉन अब्राहम, दिव्या खोसला कुमार, हर्ष छाया, अनूप सोनी आदि।
एडवांस बुकिंग चालू है

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

सिटी मॉल बरही रोड में
हिंदी में




रोजाना 2 शो ता. 03 से दोपहर 12.30 एवं 2.30 बजे से
Resident Evil
(Welcome to Raccoon City)
कलाकार- टॉम हापर, अवन जोगिया, अवा ब्लेकवेल, लिली गाओ, डोनल लॉग आदि।
एडवांस बुकिंग चालू है

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

# खंडहर बनी कन्या शाला में शराबियों का डेरा

## बीजी अग्निहोत्री शासकीय प्राथमिक शाला दुर्दशा की शिकार, नगर निगम नहीं दे रहा ध्यान, सुरक्षा के कोई प्रबंध नहीं





यश भारत
खबर विशेष

**कटनी।** मदन मोहन चौबे वार्ड स्थित स्व बी जी अग्निहोत्री शासकीय प्राथमिक कन्या शाला में असमाजिक तत्वों, मवेशियों तथा सुअरों का मजमा लगा रहता है। स्कूल भवन भी जर्जर अवस्था में है तथा शाला परिसर में दिनदहाड़े असमाजिक तत्वों का जमघट लगा रहता है। तत्वों द्वारा यहां खुलेआम असामजिक गतिविधियों को अंजाम दिया जा रहा है, जिसके चलते शिक्षिकाओं एवं शाला में पढ़ने वाले बच्चों में भय देखा जा रहा है। शाला परिसर के मुख्य द्वार पर सुरक्षा की दृष्टि से कईयों बार ताला लगाया गया, परंतु तत्वों द्वारा ताला तोड़कर शाला के खिड़की, दरवाजे, बल्ली, दांसे सहित शाला की दीवारें तोड़कर असमाजिक तत्वों द्वारा ईटें तक निरंतर चोरी की जा रही हैं। स्थानीय पशु पालकों द्वारा गाय तथा सुअर भी शाला परिसर में पाले जा रहे हैं। शाला परिसर में स्थित पानी की टंकी पर कोई सुरक्षा कर्मचारी न होने के कारण असमाजिक गतिविधियों में संलग्न युवक नशे में धुत होकर पानी की टंकी में बैठते हैं तथा आसपास के घरों में पत्थर फेंकते हैं। घर की छतों पर बैठी महिलाओं को अशलील इशारे करके मोबाइल फोन से वीडियो बनाते रहते हैं तथा मना करने पर गाली गलौच करने लगते है। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि शाला पूरी तरह से जर्जर और खण्डहर में तब्दील हो चुकी है। शाला के ईंट पत्थर तथा चौखट चोरी हो रहे हैं। स्कूल की छत पर स्थानीय नागरिक गेहूं, कपड़े इत्यादि सूखने के लिए डालते हैं। रात होते ही स्कूल में नशेनिड़यों और शराबियों की महफिल आबाद होने लगती है। स्कूल में स्थित पानी की टंकी भी जर्जर हो गई है। जिससे आसपास रहने वाले घरों के रहवासी दहशत में हैं। पानी की टंकी ओवर फ्लो होने से पानी की आवाज के साथ टंकी से बहने वाला पानी झरना सा बन जाता है तथा शाला प्रांगण में पानी भर जाता है। शाला परिसर दुर्दशा की शिकार है, जिसके चलते अभिभावक अपने बच्चों को शाला में पढ़ाने से कतराते हैं। स्कूल के नाम पर यह भवन महज एक खण्डहर बनकर रह गई है, जो कि असमाजिक तत्वों की सुरक्षित पनाह गाह बनी हुई है।

### असुरक्षित महसूस कर रहीं शिक्षिकाएं व बच्चे



शाला में पढ़ाने वाली शिक्षिकाएं तथा बच्चे शाला में स्वयं को असुरक्षित महसूस करते हैं। चोरी व असमाजिक तत्वों मवेशियों, सुअरों की रोकथाम हेतु शाला के मुख्य गेट पर शाला की शिक्षिकाओं, मोहल्ले के लोगों की सहमति से एक ताला लगाया गया है, जिसकी एक चाबी कर्मचारी के पास तथा दूसरी चाबी अग्निहोत्री परिवार के पास रहती है। शाला समाप्त होने के बाद प्रतिदिन शाम 5 बजे मुख्य गेट पर ताला बंद होता है तथा सुबह नल सप्लाई के समय 6:30 सुबह नल कर्मचारी ताला खोलता है तथा अवकाश के दिनों में सारा दिन शाला के मुख्य गेट का ताला बंद रहता है, परंतु असमाजिक तत्वों द्वारा शाला की खिड़कियों व दीवारें तोड़ दिये जाने के कारण असामाजिक तत्व दिन रात स्कूल के अंदर बेधड़क आते जाते रहते हैं। नगर निगम प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं दिए जाने के कारण स्कूल का अस्तित्व समाप्त होने की कगार पर पहुंच गया है। स्कूल के शिक्षकों, अभिभावकों के साथ ही अग्निहोत्री परिवार ने नगर निगम प्रशासक कलेक्टर का ध्यान इस ओर दिलाते हुए स्कूल के जीर्णोद्धार की मांग की है।

# हनुमान कथा का हवन और भंडारे के साथ समापन





**विजयराघवगढ़।** ऐतिहासिक नगरी विजयराघवगढ़ में विगत 24 नवंबर से संकटमोचन जगन्नाथ धाम में श्री हनुमान कथा के आयोजन में कार्यक्रम के आयोजक संयोजक डॉ राघवेश दास वेदांती अध्यक्ष वशिष्ठ भवन धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट श्रीधाम अयोध्या द्वारा अखिल मानव विश्वकल्याणार्थ अष्टोत्तर शत रुद्राभिषेक संत समागम के साथ विशेष आग्रह से वशिष्ठ पीठाधीश्वर महर्षि रामविलास वेदांती जी महाराज श्रीधाम अयोध्या द्वारा हनुमान कथा का रसपान महाराज श्री की अमृतवाणी का प्रदेश के मंत्री विधायकों सहित क्षेत्रीय श्रद्धालु जनों को श्रवण कराकर सबका जीवन धन्य कर दिया, जिसके समापन अवसर पर विशाल हवन भंडारे में क्षेत्रीय भक्त जन भाग लेकर पुण्य अर्जित कर जीवन धन्य किया। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक जगदीश प्रसाद त्रिपाठी, मुख्य यजमान श्रीमती गुलाब देवी पांडे, आचार्य कृष्णदास पांडे, वेदाचार्य राकेश उरमलिया, रामावतार त्रिपाठी, विमलेंदु पयासी, शिवकुमार मिश्रा, जागेश्वर मिश्रा, अरुण मिश्रा, मनीष देव मिश्रा, शैलेन्द्र शुक्ला, निशांत पांडे, राजेश पांडे, प्रमोद शुक्ला, मुन्ना शर्मा, राजा बड़गैया, गुड्डू बड़गैया, अरबिंद बड़गैया, मनोज तिवारी, नीतीश कुमार त्रिपाठी, गुड्डू शर्मा, रामभगत तिवारी, रवि मिश्रा, जयवंत सिंह चौहान, मनोज गुप्ता, कमलेश गुप्ता, कृष्ण कुमार गुप्ता, नारायण गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, राकेश ताम्रकर, नन्दकुमार गुप्ता, पंकज गौतम, गबबू गुप्ता, सन्त कुमार विश्वकर्मा, दीपक कुशवाहा सहित क्षेत्रीय भक्तो ने उपस्थित होकर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

## रामभद्राचार्य जी से लिया आशीर्वाद



प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री एवं विजयराघवगढ़ के विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने धर्मचक्रवर्ती तुलसीपीठाधीश्वर पद्मविभूषण जगतगुरु रामानंदाचार्य स्वामी रुरामभद्राचार्य जी महाराज से रुचित्रकूट धाम में आशीर्वाद प्राप्त किया।

# खेलकूद प्रतियोगिता में दिव्यांगों ने दिखाई प्रतिभा



विजयराघवगढ़ में विश्व विकलांगता दिवस पर आयोजन



**विजयराघवगढ़।** शासन के निर्देशन में समावेशित शिक्षा अंतर्गत शाला में अध्ययनरत ध्यान छात्र-छात्राओं का सामर्थ्य प्रदर्शन खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम शासकीय बालक माध्यमिक शाला में आयोजित किया गया। सर्व प्रथम शासन के निर्देशन में कोविड-19 की गाइडलाइन का पालन करते हुए दिव्यांग प्रतियोगिता में आई सभी छात्र-छात्राओं एवं पालकों का थर्मल स्कैनिंग करके सभी को सेनेटाइज किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संकुल प्राचार्य श्रीमती सरस्वती मिश्रा, बीआरसीसी देवेंद्र अहिरवार, बीएसी शिवम प्रधानाध्यापकों द्वारा मा सरस्वती के प्रतिमा में माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया गया। विश्व दिव्यांग खेल प्रतियोगिता में सर्वप्रथम 50 मीटर दौड़ के प्रथम चरण में बालक वर्ग से प्राथमिक शाला गौरहा के निशांत सागर प्रथम स्थान, आदर्श कुमार द्वितीय स्थान, नागेंद्र को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। 50 मीटर दौड़ में सत्यभान लोधी हरैया, बालिका वर्ग से दौड़ में महक स्वर्णकार प्रथम स्थान, उमा चौधरी को द्वितीय स्थान एवं काजल चौधरी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। रंगोली कार्यक्रम में प्रथम स्थान जागृति केवट, द्वितीय स्थान स्वाति यादव, तृतीय स्थान सुमित बढ़ई को, चित्रकला में बालक वर्ग से जय चौधरी को प्रथम ऊंची कूद में शिवकुमार चक्रवर्ती प्रथम, म्यूजिकल चेयर में सत्यवान लोधी प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कार का वितरण किया गया एवं खेलकूद प्रतियोगिता में आए सभी दिव्यांग बच्चों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। आयोजन में आए छात्र-छात्राओं व पालकों को भोजन एवं पेयजल की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में बीए सी श्रीराम तिवारी, जयप्रकाश द्विवेदी, एमआरसी पवन पाराशर, अध्यापक सुरेंद्र त्रिपाठी, राजेश दुबे, डीआर मरावी, रघुराई दास रैदास, संदीप मिश्रा, अजय मिश्रा, जितेंद्र जामुलकर, श्रीमती कुसुम कली, तीरकी उमा ताम्रकार, दिनेश पटेल, अरविंद पटेल, शालिक राम राठौर, सगानू चक्रवर्ती, कुलदीप मिश्रा, गोपाल शंकर दीक्षित, राघवेंद्र सिंह, संदीप पांडे, राजकुमार साहू, राजा बर्मन आदि समस्त स्टाफ द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया गया आभार प्रदर्शन डीके अहिरवार द्वारा किया गया




# थाने के पास खड़ी बाइक चोरी

**कटनी।** शहर में चोर कितने बेखौफ हैं, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि थाने के पास खड़ी मोटर साइकिल को चोरी कर लिया गया है। पुलिस ने चोरी की सूचना पर चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि दुबे कॉलोनी निवासी प्रशांत सिंह की मोटर साइकिल आरपीएफ थाने के पास खड़ी थी। मोटर साइकिल को थाने के पास से चोरों ने पार कर दिया है। चोरी गई मोटर साइकिल की कीमत करीब 90 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है।

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

यदि आप तक समय पर
यश भारत
नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

# बच्चों को मिला आत्मरक्षा का प्रशिक्षण



**कटनी।** विगत 5 दिसंबर को जंडा ताइक्वांडो क्लब के मुख्य प्रशिक्षक मास्टर गोपाल सिंह जंडा ब्लैक बेल्ट चतुर्थ डान एवं नीलेश शर्मा द्वारा सिंघई कॉलोनी आरआरएस एकेडमी में बच्चों को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया, साथ ही आरआरएस के प्रशिक्षक हर्षित चक्रवर्ती द्वारा आयोजन किया गया।

mgm HOSPITAL We Care with Care
एम.जी.एम. में अब जनरल सर्जन एवं पेट रोग विशेषज्ञ अब 24 घण्टे उपलब्ध।



Our Specialist
डॉ.एस.के.सिंह
M.B.B.S., M.S.
सीनियर जनरल एण्ड लेप्रोस्कोपी सर्जन
पूर्व चिकित्सक-
पोद्दार हॉस्पिटल , कोलकाता।
25 वर्ष का दूरबीन सर्जरी एवं अन्य सर्जरी का अनुभव।
आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध।
For Appointment call or Visit
OPD Timing - Everyday 10:30AM to 02:30PM & 05:30PM-09:00PM
एम.जी.एम. HOSPITAL
कचहरी चौक, फारेस्ट प्ले ग्राउंड के सामने, कटनी (मप्र) 483501
फोन नं: 07622-405070-71-72
Email: info@mgmhospitalkatni.com
Website: www.mgmhospitalkatni.com
NABH

# आरक्षण रद्द होने से धरी रह गई सरपंची की दावेदारी

### लाखों खर्च करके अब पछता रहे दावेदार

**कटनी।** प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों की तारीखों का ऐलान हो चुका है हालांकि घोषित तारीखों पर चुनाव हो पाएंगे या नहीं इसे लेकर अभी असमंजस का माहौल है पर यह तय है कि अगर चुनाव हुए तो 2014 . 15 के आरक्षण के अनुसार ही होंगे। ऐसे में नए आरक्षण के बाद से ही सरपंची का सपना देख रहे दावेदार बेहद मायूस हैं। पिछले एक डेढ़ साल से ये दावेदार मतदाताओं को अपने पक्ष में करने तरह तरह के जतन कर रहे थे। उनके सुख दुःख में शामिल होकर रुपये भी खर्च कर रहे थे। उम्मीद यही थी कि सरपंची मिली तो सब वसूल हो जाएगा पर पर 2020-21 में किया गया आरक्षण रद्द हो जाने से उनकी उम्मीदों पर पानी फिर गया है। प्रचार प्रसार में लाखों खर्च कर देने के बाद अब केवल पछतावा ही हाथ लगा है।

उल्लेखनीय है कि 2020-21 में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के लिए पंच- सरपंच पद से लेकर जनपद सदस्यएजनपद अध्यक्ष और जिला पंचायत सदस्य पद के लिए आरक्षण प्रक्रिया 2019-20 में ही पूर्ण कर ली गई थी। आरक्षण का निर्धारण हो जाने के बाद पंच - सरपंच से लेकर जनपद सदस्य और अध्यक्ष पद के दावेदार सक्रिय हो गए थे। कोरोना के कारण चुनाव में देर होती चली गई । इस देरी के कारण दावेदारों पर खर्च और बढ़ता चला गया। सबसे ज्यादा भार सरपंची के दावेदारों पर पड़ा क्योंकि इनका सीधा संपर्क मतदाताओं से रोज होता था। मतदाताओं पर प्रभाव जमाने के लिए खर्च भी करना पड़ता था। कोई बीमार है तो मदद करो, किसी के यहां गमी हो गई तो साथ खड़े हो। कोई भगवत करा रहा तो कोई तीर्थ यात्रा पर जा रहा। ग्रामीण भी दावेदारों की मंशा को भांपकर रोज नई नई मांग रखते थे। सिलसिला पूरे एक डेढ़ साल तक चलता रहा। सरपंची के दावेदार भी कोई मौका गंवाना नहीं चाहते थे इसलिए दिल खोलकर खर्च करते रहे। जो दावेदार आर्थिक रूप से ज्यादा सम्पन्न नहीं थे वे भी यहां वहां से कर्ज ले लेकर माहौल बनाने में लगे रहे। उम्मीद बस यही थी कि सरपंची मिली तो सब वसूल हो जायेगा। एक डेढ़ साल में लाखों रुपये खर्च करने के बाद जब चुनावों का समय आया तो आरक्षण ही रद्द हो गया। प्रदेश में 21 नवम्बर 2021 को जो नया अध्यादेश आया है उसके अनुसार अब पंचायत चुनाव के लिए 2019 - 20 में किया गया आरक्षण रद्द हो गया है। फिर नये सिरे से आरक्षण करने के बजाए सरकार ने पूर्व में 2014 - 15 में किये गए पुराने आरक्षण के आधार पर चुनाव कराने का फैसला किया है। सरकार के इस फैसले को अव्यवहारिक और विसंगतिपूर्ण करार देते हुए कई लोग इसे कोर्ट में चुनौती देने की तैय्यारी कर रहे। कई तो कोर्ट की दहलीज पर पहुंच राज्य सरकार के आदेश के विरुद्ध याचिका भी दायर कर चुके हैं।मामला कोर्ट में चले जाने के कारण लग रहा कहीं फिर चुनावो पर रोक न लग जाये। बहरहाल पंचायत चुनाव की घोषणा के बाद भी नए पुराने दावेदार अभी खामोश बैठ कर तमाशा देख रहे। ये दावेदार अब नामांकन दाखिल करने के बाद ही सक्रिय होंगे।






## खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने विधायक के प्रयास पर पानी फेर रहे आरईएस के अफसर

# 1 साल से अधर में इंडोर स्टेडियम का निर्माण

### बरही में 1 करोड़ 54 लाख की लागत से होना है निर्माण



**बरही।** खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के मकसद से बरही नगर में 1 करोड़ 54 लाख की लागत से इंडोर स्टेडियम कम बैडमिंटन कोट निर्माण की आधारशिला 1 वर्ष पूर्व रखी गई थी, जिसमे निर्माण एजेंसी आरईएस विभाग के अफसरों ने निर्माण कार्य में लापरवाही बरती। फाउंडेशन निर्माण में 5 से 6 फिट गड्ढे की जगह महज 1 से 2 फिट में ही प्यूटिंग करते हुए पिलर खड़ा करना प्रारम्भ कर दिया। कमजोर व घटिया निर्माण की भनक लगते ही क्षेत्रीय विधायक संजय सत्येंद्र पाठक ने निर्माण बंद कराते हुए निर्धारित ड्राइंग के आधार पर काम हर हाल में करने सख्त निर्देशित किया था। निर्माण प्रारम्भ होने के एक साल बाद भी बरही के इंडोर स्टेडियम कम बैडमिंटन कोट का कार्य लापरवाह आरईएस विभाग के अफसरों की घोर लापरवाही से अधर में लटका है।

### जल्द निर्माण प्रारम्भ करने उठी आवाज

बरही नगर के खेल-प्रेमियों, खिलाड़ियों की मांग पर इंडोर स्टेडियम की सौगात क्षेत्र के विधायक ने दी थी। 1 साल से अधर में लटके निर्माण कार्य को जल्द प्रारम्भ कराने की मांग खिलाड़ी रामप्रताप सोनी, कपिल गुप्ता, प्रसन्न बदन गुप्ता, शकीर, अशोक आदि ने की है। इन खिलाड़ियों का कहना है कि माजरा चाहे जो भी हो जल्द से जल्द स्टेडिम का निर्माण किया जाए।

### अब एंकर बार डालकर तैयार होगा पिलर

1 साल से अधर में लटके निर्माण कार्य को लेकर आरईएस के इंजीनियर शिवम सोनी का कहना है कि हार्डड्रॉप का काम प्रारम्भ किया जा रहा है। फाउंडेशन निर्माण मजबूत करने के लिए अब एंकर बार डालकर प्यूटिंग का कार्य प्रारम्भ होगा। गौरतलब है कि ठेका एजेंसी बालकृष्ण पयासी द्वारा 1 वर्ष पूर्व निर्माण शुरू कराया गया था। प्यूटिंग कार्य मे घोर लापरवाही सामने आई थी। ठेकेदार का कहना था कि कड़ी चट्टान होने की वजह से खुदाई होना मुमकिन नही है, जिसके चलते काम रोक दिया गया था। हालांकि इतने बड़े निर्माण कार्य मे कम रेट में ठेका लेना और निर्माण के नाम पर खानापूर्ति करना भी गुणवत्तायुक्त निर्माण में एक बहुत बड़ी बाधा हैए बहरहाल अब प्यूटिंग कार्य एंकर बार डालकर मजबूती देने का प्रारंभ होने वाला कार्य कब पूर्ण होगाए इसका सभी को बेसब्री से इंतजार है।

# बंद होगा भंडारण का ओपन कैप सिस्टम

## अब कवर्ड गोदाम में ही होगा खाद्यान्न का भंडारण, किसानों से खरीदी जाने वाली उपज के भण्डारण में आएगी समस्या

**कटनी।** समर्थन मूल्य पर खरीदी जाने वाली उपज के भण्डारण के लिये ओपन कैप व्यवस्था को प्रदेश में बंद किया जा रहा है। कैप में लंबे समय तक खाद्यान्न का सुरक्षित भण्डारण नहीं करवाया जा सकता है। इस परिप्रेक्ष्य में उच्च न्यायालय द्वारा कैप के स्थान पर कवर्ड गोदामों में सुरक्षित भंडारण के निर्देश के बाद राज्य शासन ने यह निर्णय लिया है। इसके मद्देनजर भारतीय खाद्य निगम आगामी रबी सीजन में एक अप्रैल 2022 से कैप पर गेहूं भण्डारण प्रतिबंधित करने जा रहा है। कैप के स्थान पर अब कवर्ड गोदाम बनाए जाएंगे।





### ओपन कैप में भंडारित होता है 35 लाख मीट्रिक टन खाद्यान्न

वर्ष 2011 में किसानों की उपज भण्डारण के लिये विभिन्न जिलों में ओपन कैप बनाने का निर्णय लिया गया था। इसके लिये निःशुल्क भूमि खाद्य विभाग को आवंटित कर अस्थाई रूप से कैप निर्माण के लिये मप्र वेयर हाउसिंग एंड लॉजिस्टिक कार्पोरेशन को हस्तांतरित की गई थी। इन जमीनों पर ओपन कैप का निर्माण कर खाद्यान्न का भंडारण किया जा रहा है। जिसमें लगभग 35 लाख मीट्रिक टन खाद्यान्न भंडारित किया जाता है।

### न्यायालय की आपत्ति के बाद लिया निर्णय

ओपन कैप में रखे जाने वाले खाद्यान्न के व्यापक पैमाने पर खराब होने के लगातार मामले सामने आने पर इस संबंध में याचिका उच्च न्यायालय में दायर की गई। जिस पर उच्च न्यायालय ने कैप के स्थान पर कवर्ड गोदामों में सुरक्षित भंडारण के निर्देश दिए। साथ ही भारतीय खाद्य निगम भी 1 अप्रैल 2022 से कैप पर भंडारण प्रतिबंधित करने जा रहा है।

### बीओटी से बनाए जाएंगे कवर्ड गोदाम

इस निर्णय के बाद सरकार द्वारा किसानों से खरीदी जाने वाले उपज के भंडारण में समस्या आ सकती है। लिहाजा शासन ने निर्णय लिया है कि कैप के स्थान पर अब (बीओटी बिल्ड ओपरेट ट्रांसफर)के माध्यम से कवर्ड गोदाम बनाएगा। इसके लिये 10 साल के लाइसेंस पर जमीन (कैप सहित) संबंधित निवेशक को सौंपी जाएगी। ऐसी स्थिति खाद्य विभाग को आवंटित जमीन को राजस्व अभिलेखों में मप्र शासन खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण के नाम दर्ज करने कलेक्टरों को आदेशित किया गया है।

### इतने ओपन कैप होंगे बंद

राज्य सरकार के इस नए निर्णय से कटनी जिले के रीठी, बहोरीबंद व मझगवां सहित श्योपुर जिले के श्योपुर, करहल, धार जिले के मनावर, सरदारपुर, दमोह जिले के जबेरा, पथरिया, पन्ना जिले के शाहनगर, बालाघाट जिले के भण्डारा, डोंगरिया, सिवनी जिले का पिपरिया, सिमरिया, नरेला, मंडला का खेमरखापा, रीवा का भेड़रहा, उमरी, सतना का चोरहटा, सोनौरा, किरहाई, गहवरा, रेवरा, सीधी का कठोतिया, मझोली, सिंगरौली का गोडवेहरा, दिग्गी, अनूपपुर का बरबासपुर, पयारी, उमरिया का चंदिया, खुटार-1, खुटार-2, गड़रिया टोला के ओपन कैप बंद होंगे।

# कैमोर पुलिस ने चंद घंटों में चोर सहित बरामद की बाइक




**कटनी।** कैमोर पुलिस ने जेएसक्यू एसीसी कॉलोनी से लाल पीयूष प्रताप सिंह के घर के सामने से चोरी गई 70 हजार रूपए कीमती हीरो होंडा स्प्लेंडर मोटर साइकिल एम.पी.21एमए-7116 कीमती को 24 घंटे में चोर सहित बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। गौरतलब है कि 3 एवं 4 दिसंबर की दरम्यानी रात कैमोर में जेएसक्यू एसीसी कॉलोनी में रहने वाले लाल पीयूष प्रताप सिंह के घर के सामने मोटरसाइकिल क्रमांक एम.पी.21एमए- 7116 को अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गई थी। रिपोर्ट पर धारा 379 के तहत मामला दर्ज कर पतासाजी शुरू की गई। कैमोर थाना प्रभारी अरविंद जैन के नेतृत्व में उपनिरीक्षक आर पी रावत, प्रधान आरक्षक प्रेम शंकर पटेल, आरक्षक अचल एवं होमगार्ड सैनिक मुकेश मिश्रा के द्वारा चोरी गई मोटर साइकिल की पतासाजी की गई। पुलिस को 24 घंटे के भीतर उक्त मोटरसाइकिल को आरोपी चंद्रभान कोरी पिता दशरथ कोरी उम्र 20 साल निवासी ग्राम धनवाही थाना बदेरा जिला सतना को बेचने का प्रयास करते हुए पकड़ा गया। पूछताछ करने पर पकड़े गए आरोपी चंद्रभान कोरी निवासी सतना ने सतना जिले से भी मोटरसाइकिल चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी से सतना पुलिस द्वारा भी पूछताछ की जा रही है।

## जबलपुर जोन की पुलिस ने 41 दिन में बनाया रिकॉर्ड

# वारंट तामीली में कटनी पुलिस का बेहतर प्रदर्शन

## आईजी के निर्देशन में 41 चला विशेष अभियान, 5117 गिरफ्तारी वारंट एवं 1208 स्थाई वारंट किये गए तामील

**कटनी। आईजी उमेश जोगा के निर्देशन में 41 दिन तक चलाए गए विशेष अभियान में जबलपुर जोन के अंतर्गत आने वाले पांचों जिलों जबलपुर, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, सिवनी एवं कटनी में फरार गिरफ्तारी एवं स्थाई वारंटीओं के खिलाफ पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई कर नया रिकार्ड बनाया है। अभियान में पुलिस ने 5117 गिरफ्तारी वारंट एवं 1208 स्थाई वारंट तामील किए हैं। जानकारी के मुताबिक पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा दिनांक 18/10/2021 को निर्देशित किया गया कि जिलो के थानों में लंबित समंस, जमानतीय, गिरफ्तारी एवं स्थाई वारंटो की तामीली हेतु दिनांक 21/10/2021 से 30/11/2021 तक विशेष अभियान चलाया जावें। उक्त निर्देश के पालन मे आईजी उमेश जोगा द्वारा जोन जबलपुर के अंतर्गत जिला जबलपुर, कटनी, छिंदवाडा, सिवनी एवं नरसिंहपुर के पुलिस अधीक्षकों को उनके जिलों के थानों मे लंबित समंस एवं वारंट की तामीली की प्रतिदिन समीक्षा करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही प्रतिदिन प्रातः पुलिस अधीक्षकों द्वारा की जाने वाली रिपोर्टिंग मे भी गिरफ्तारी एवं स्थाई वारंटो की तामीली के संबंध मे जानकारी प्राप्त कर तत्काल आगामी कार्यवाही हेतु पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिये गये। जोन के पुलिस अधीक्षको के द्वारा लगातार सार्थक प्रयास कर उनके अधिनस्थ थाना प्रभारियों को वारंटियों को पकड़ने हेतु कार्ययोजना बनाकर निर्देशित किया जाकर प्रतिदिन उसकी मॉनिटरिंग की गई। जिसके फलस्वरूप इतनी कम अवधि मे 5117 गिरफ्तारी वारंट एवं 1208 स्थाई वारंट को तामील करने मे सफलता प्राप्त हुई।**

आईजी उमेश जोगा के निर्देश पर पूरे जोन में यह अभियान 21 अक्टूबर से 30 नवम्बर 2021 तक कुल 41 दिन तक चलाया गया। अभियान मे जोन के जिलो में विभिन्न माननीय न्यायालयों से प्राप्त वारंटो मे से 5117 गिरफ्तारी वारंट को तामील किया गया। जबलपुर जोन की तामीली 90.4 प्रतिशत रही। अभियान के पूर्व 01 जनवरी से 20 अक्टूबर 2021 तक (293 दिन) की अवधि में गिरफ्तारी वारंट की तामीली 76 प्रतिशत थी एवं 8716 गिरफ्तारी वारंट तामील किये गये थे। अभियान मे जिला जबलपुर-1752, कटनी-339, छिंदवाडा-1086, सिवनी-585 एवं नरसिंहपुर-1355 गिरफ्तारी वारंटो को तामील किया गया। इसी प्रकार 41 दिन के अभियान में जोन के जिलो में 1208 स्थाई वारंट को तामील किया गया। जबलपुर जोन की तामीली 30.2 प्रतिशत रही। औसत रूप से जोन अंतर्गत जिलों मे प्रतिदिन 29 स्थाई वारंटो की तामीली की गई। अभियान के पूर्व 01 जनवरी से 20 अक्टूबर 2021 तक (293 दिन) की अवधि में स्थाई वारंट की तामीली 24.1 प्रतिशत थी एवं 1001 स्थाई वारंट तामील किये गये थे। अभियान मे जिला जबलपुर-626, कटनी-195, छिंदवाडा-147, सिवनी-109 एवं नरसिंहपुर-131 स्थाई वारंटो को तामील किया गया।



### कटनी में 36 साल बाद तामील हुआ स्थाई वारंट

जिला कटनी में थाना कैमोर के अपराध क्रमांक 95/85 धारा 341, 294, 325 में 36 वर्ष से फरार स्थायी वारंटी शेष नारायण तिवारी को प्रयागराज उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया गया। थाना कैमोर के अपराध क्रमांक 124/19 धारा 363, 366क, 376, 120बी, 368, 342, 329, 34 व 6, 7 पाक्सो एक्ट मे फरार 3 स्थायी वारंटी अजमेर गौड़, रोशनी ठाकुर, राजू सिंह गौड को पुणे महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया गया।

### अच्छी कार्रवाई करने वालों को मिलेगा पुरस्कार

वारंट तामीली अभियान के दौरान अच्छी कार्यवाही करने वाले पुलिस अधिकारियों को पुरूष्कृत करने के लिए आईजी द्वारा सभी जिलों के एसपी को निर्देशित किया गया है एवं आगे भी इसी प्रकार से गिरफ्तारी एवं स्थाई वारंट की तामीली कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

### प्रकरण का निराकरण एवं पीड़ितों को मिलेगा न्याय

आईजी उमेश जोगा ने बताया कि पीडित की रिपोर्ट पर पुलिस द्वारा विवेचना पूर्ण करने के उपरांत माननीय न्यायालय मे चालान पेश कर दिया जाता है। न्यायालय में विचारण के दौरान साक्षी अथवा आरोपी के पेशी पर उपस्थित नहीं होने पर अथवा आरोपी के जमानत से फरार हो जाने के कारण गिरफ्तारी वारंट जारी किया जाता है। इसी प्रकार आरोपी के कई बार गिरफ्तारी वारंट जारी होने पर तामील नहीं होने पर न्यायालय द्वारा स्थाई वारंट जारी किया जाता है। ऐसे प्रकरणों मे जहॉ पीड़ित को न्याय नही मिल पाता है। वही प्रकरण न्यायालय मे लंबित बना रहता है। अभियान के दौरान गिरफ्तार किये गये वारंटियों इनसे संबंधित प्रकरणों की सुनवाई मे प्रगति होगी एवं प्रकरण का शीघ्र निराकरण होकर पीड़ित को न्याय प्राप्त होगा।

### पहली बार हुई ऐसी कार्रवाई

बताया जा रहा है कि यह पहली बार हुआ है जब किसी अभियान में इतने कम समय मे इतनी अधिक संख्या मे वारंटो की तामीली हुई है जो जोन एवं जिलों के लिये विशेष उपलब्धि है। उक्त अभियान के दौरान जहॉ वर्षो से फरार कई स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं पुलिस टीम द्वारा प्रदेश के बाहर अन्य प्रदेश महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश से भी कई स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार कर लाकर न्यायालय पेश किया गया।

### 18 साल से फरार वारंटी को जबलपुर पुलिस ने दबोचा

अभियान के दौरान जिला जबलपुर के थाना सिविल लाईन के अपराध क्रमांक 257/03 धारा 294, 506, 34 भादवि में 18 वर्ष से फरार स्थाई वारंटी हैदर उर्फ मुंडा को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। थाना सिविल लाईन मे माननीय न्यायालय के प्रकरण 14272/06 धारा 294, 498, भादवि मे 15 वर्ष से फरार स्थाई वारंटी नीतू सेन को गिरफ्तार किया गया।

# बैंक कर्मचारी पॉजीटिव, वैरिएंट का पता लगाने दिल्ली भेजा सेम्पल

## केरल से 28 नवंबर को आया था कटनी, सर्दी, खांसी, बुखार होने पर कराया सेम्पल, संपर्क में आए 16 कर्मचारियों के लिए नमूने, आज रात को मिलेगी रिपोर्ट

**कटनी।** कोरोना संक्रमण की संभावित तीसरी लहर की दस्तक आने के पहले ही जिले में रविवार को एक बैंक कर्मचारी की रिपोर्ट पॉजीटिव आने से हड़कम्प मच गया है। केरल से कटनी आए बैंक कर्मचारी को जब सर्दी, खांसी और बुखार में आराम नहीं मिला तो उसने जिला चिकित्सालय जाकर सेम्पलिंग कराया, जिसमे वह कोरोना संक्रमित निकला। बैंक कर्मचारी के संक्रमित होने के बाद उसे जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है और उसके संपर्क में 16 कर्मचारियों के सेम्पल लेकर जांच के लिए जबलपुर भेजे गए हैं, जहां से आज रात तक रिपोर्ट मिलने की संभावना है। उधर दूसरी तरफ कोरोना के नए वैरिएंट डेल्टा और ओमिक्रोन का पता लगाने के लिए बैंक कर्मचारी का सेम्पल लेकर जांच के लिए दिल्ली भेजा गया है, जहां से अगले 5 दिनों में रिपोर्ट मिलेगी। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार मूल रुप से केरल निवासी 28 वर्षीय युवक भारतीय स्टेट बैंक की माधवनगर शाखा में पदस्थ है। वह किसी कार्यवश केरल गया था और विगत 28 नवंबर को केरल से कटनी आया था। कटनी वापस आने के बाद से उसे सर्दी, खांसी और बुखार हो गया। उसे निजी चिकित्सक से परामर्श लिया लेकिन आराम नहीं मिला। सर्दी, खांसी और बुखार ठीक नहीं होने पर




उसके द्वारा आरटीपीसीआर टेस्ट कराया गया, जिसकी रिपोर्ट रविवार को मिली और वह कोरोना पॉजीटिव पाया गया। रिपोर्ट पॉजीटिव आने के बाद स्वास्थ्य विभाग के साथ ही पूरे जिले में एक बार फिर चिंता व्याप्त हो गई है। डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि बैंक कर्मचारी को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। संक्रमित युवक का सेंपल लेकर कोरोना वैरिएंट की जांच के लिए दिल्ली भेजा गया है, जहां से पांच दिन बाद रिपोर्ट आएगी। इसके अलावा कोरोना संक्रमित कर्मचारी के संपर्क में आने वाले 16 कर्मचारियों के सेंपल लिए गए हैं। सेंपल की जांच रिपोर्ट आज रात को मिलेगी।

इनका कहना है

बैंक कर्मचारी की रिपोर्ट पॉजीटिव आई है। वह 28 नवंबर को कटनी लौटा था, तभी से उसकी तबियत खराब थी। कोरोना संक्रमित होने के बाद उसे जिला चिकित्सालय में भर्ती कराकर उसके संपर्क में आए 16 कर्मचारियों के सेम्पल जांच के लिए भेजे गए हैं, इसके अलावा कोराना के नए वैरिएंट का पता लगाने के लिए सेम्पल दिल्ली भेजा गया है।

-डॉ. समीर सिंघई, जिला टीकाकरण अधिकारी



# आग में जलकर ट्रेक्टर-थ्रेसर और 60 क्विंटल धान स्वाहा

**कटनी/रीठी।** रीठी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खाम्ह में धान की गहाई करते समय थ्रेसर में लगी आग ने कोहराम मचा दिया। इस अग्नि दुर्घटना में ट्रेक्टर और थ्रेसर के साथ ही 60 क्विंटल धान की फसल स्वाहा हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक किसान की फसल जलकर राख में तब्दील हो चुकी थी। घटना के संबंध में रीठी थाना के प्रधान आरक्षक रमेश सिंह ने बताया कि रीठी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खाम्ह भटवा मोहल्ला निवासी किसान मौजी लाल पिता हल्कू पटेल दमोह से किसी का ट्रेक्टर, आइसर कंपनी का थ्रेसर सहित धान की गहाई कराने किराए से लाया था और कल धान की गहाई कर रहा था। इसी दौरान फेन बेल्ट की हीटिंग से चिंगारी निकली और खलिहान में रखी फसल को अपनी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते ही आग ने रौद्र रूप धारण कर लिया और तीन खरही धान व धान का पयार में आग लग गई। बताया जाता है कि खेत में गहाई के लिए 60 क्विंटल धान की फसल रखी हुई थी, वह भी आग में जलकर नष्ट हो गई। अग्नि दुर्घटना के बाद आनन फानन ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। पीड़ित किसान मौजी लाल लोधी ने जिला प्रशासन एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों से इस अग्नि दुर्घटना में हुए नुकसान की जांच कराकर उचित मुआवजा प्रदान किए जाने की मांग की है। उधर दूसरी तरफ रीठी नायब तहसीलदार राजेश पांडे ने मामले को तुरंत संज्ञान में लिया। रविवार की छुट्टी होने की वजह से किसान की आगजनी घटना जांच एवं प्रतिवेदन कल नहीं बन सका। नायब तहसीलदार ने संबंधित हल्का पटवारी को कल ही दे आदेश दिए थे। आज सोमवार को हल्का पटवारी ने मौके पर जाकर पंचनामा कार्यवाही कर जांच प्रतिवेदन बनाकर तहसील कार्यालय में प्रस्तुत किया। जिससे किसान को शासन के नियमानुसार क्षति का उचित मुआवजा दिया जा सके।



धान की गहाई करते समय रीठी के ग्राम खाम्ह में अग्नि दुर्घटना

# हिंदू एकता महाकुंभ की तैयारियों का मुख्यमंत्री ने लिया जायजा

## प्रधान सेवक संजय पाठक ने सीएम को कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराया

**कटनी। प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं हिंदू एकता महाकुंभ के प्रधान सेवक विधायक संजय सत्येंद्र पाठक ने रविवार को आयोजन स्थल का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम की सफलता के लिए हिंदू एकता महाकुंभ की टीम को पूरा सहयोग करने का आश्वासन दिया। चित्रकूट में तीन दिवसीय हिंदू एकता महाकुंभ का आयोजन 13 दिसंबर से प्रारंभ होगा। महाकुंभ का समापन 15 दिसंबर को संघ प्रमुख मोहन भागवत के उद्बोधन के साथ होगा। तुलसी प्रीत के तत्वाधान में आयोजित इस महाकुंभ में 500000 से अधिक हिंदुओं के शामिल होने की संभावना है।**

प्रधान सेवक संजय पाठक तुलसी पीठाधीश्वर के उत्तराधिकारी महंत रामचंद्र दास युवराज के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। साथ में टेंट पंडाल आवासीय व्यवस्था पार्किंग आवागमन सहित अन्य स्थलों को भी देखा। श्री पाठक ने काम कर रहे हैं अन्य लोगों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इसके अलावा विकलांग विश्वविद्यालय जाकर श्री पाठक ने प्रबंध समिति के लोगों से मुलाकात की और उन्हें तैयारियों में तेजी लाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। श्री पाठक जगद्गुरू स्वामी रामभद्राचार्य जी से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। गौरतलब हो कि हिंदू एकता महाकुंभ 13 दिसंबर से 15 दिसंबर तक चित्रकूट में आयोजित हो रहा है। 15 दिसंबर को समापन अवसर पर संघ प्रमुख मोहन भागवत उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शहीद देश के अन्य नामचीन लोग मौजूद रहेंगे।

**चित्रकूट में महाकुंभ के जरिए बिखरे हुए हिंदुओं को किया जाएगा एकजुट**





### सीएम के साथ 15 मिनट तक हुई चर्चा

हिंदू एकता महाकुंभ की तैयारियां तेजी के साथ चल रही हैं। कार्यक्रम के प्रधान सेवक विजयराघवगढ़ के विधायक संजय सत्येंद्र पाठक रविवार की दोपहर चित्रकूट पहुंचे। थोड़ी देर बाद सीएम शिवराज चौहान भी चित्रकूट पहुंच गए। श्री पाठक ने सीएम को हिंदू एकता महाकुंभ की तैयारियों सहित अन्य कार्यक्रम की जानकारी दी। सीएम ने महाकुंभ की सफलता के लिए हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। सीएम और प्रधान सेवक के बीच हवाई पट्टी पर लगभग 15 मिनट तक आयोजन को लेकर चर्चा हुई। इसके अलावा संजय पाठक ने सीएम को अन्य समस्याओं के निराकरण हेतु एक पत्र भी दिया गया। सीएम श्री चौहान ने कहा कार्यक्रम की तैयारियों में किसी भी तरह की कमी नहीं होने पाएगी।

# अब यूट्यूब चैनल से होगी पढ़ाई

## उच्च शिक्षा विभाग का बड़ा फैसला

**कटनी।** नई शिक्षा नीति के अंतर्गत बच्चों की आधुनिक पढ़ाई पर खासा जोर दिया जा रहा है। इसके लिए डिजीटल अध्ययन पर फोकस किया जा रहा है और अन्य प्लेटफार्म की भी सहायता ली जा रही है। इसके लिए स्कूली शिक्षा विभाग के साथ ही उच्च शिक्षा विभाग भी सक्रिय हो उठा है। उच्च शिक्षा विभाग ने बड़ा फैसला लेते हुए अब यूट्यूब चैनल से पढ़ाई कराने की बात कही है। इसके लिए उच्च शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर तैयार ई-कंटेट उपलब्ध होगा। यूट्यूब चैनल से छात्र 16 विषयों के पाठ पढ़ेंगे। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत विषयों के अनुसार ई-कंटेंट तैयार कराए जा रहे हैं। उच्च शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार इसके लिए तैयारी प्रारंभ हो चुकी है। स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को जल्द ही यूट्यूब चैनल के माध्यम से विषयवार पाठ पढ़ने मिलेंगे। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत विषयों के अनुसार तैयार कराए गए ई-कंटेंट को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। विषयवार वीडियो तैयार कर परीक्षण और मूल्यांकन के बाद इन्हें यूट्यूब चैनल पर अपलोड करने का जिम्मा तकनीकी समिति कोकृ ई-कंटेंट को वीडियो फॉर्मेट में तैयार करने के लिए छह दिसंबर तक की समय सीमा तय की गई है। विषयवार वीडियो तैयार कर परीक्षण और मूल्यांकन के बाद इन्हें यूट्यूब चैनल पर अपलोड करने का जिम्मा तकनीकी समिति सदस्यों को सौंपा गया है। जानकारी के मुताबिक स्नातक स्तर के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए 16 विषयों के वीडियो तैयार किए जा रहे हैं।

### इन विषयों के वीडियो किए जाएंगे अपलोड

उच्च शिक्षा विभाग ने 20 दिसंबर तक 16 विषयों के वीडियो अपलोड करने की समय सीमा तय की है। इसके अनुसार यूट्यूब चैनल पर वनस्पति विज्ञान, रसायन शास्त्र, वाणिज्य, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, भूगोल, भूविज्ञान, हिन्दी, इतिहास, गणित, भौतिक शास्त्र, राजनीतिक विज्ञान, संस्कृत, समाज शास्त्र, टैक्सटाइल एंड क्लाथिंग, प्राणी विज्ञान विषय के वीडियो अपलोड किए जाएंगे।

# मार्बल खदान में फिर गई एक मजदूर की जान

**नहीं थम रहा मौतों का सिलसिला, अभिषेक मार्बल खदान की घटना**

**कटनी।** स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत ग्राम निमास स्थित अभिषेक मार्बल खदान में रविवार की सुबह फिर एक मजदूर दुर्घटना का शिकार हुआ। मार्बल खदान में काम के दौरान उसकी मौत हो गई। है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार निमास स्थित अभिषेक मार्बल खदान में काम करने वाले ग्राम इमलिया निवासी 64 वर्षीय श्रमिक विजेंद्र पाल सिंह की मार्बल काम करने के दौरान मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार उक्त मजदूर मशीन में काम करता था और मशीन का कोई बड़ा पाट्र्स उसके ऊपर गिरा। जिससे उसके सिर पर गंभीर चोट आई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। उधर माइंस प्रबंधन उसकी हालत गंभीर बताकर उसे कटनी की जगह जबलपुर हॉस्पिटल लेकर गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गौरतलब है कि एक सप्ताह में मार्बल माइंस में मौत का सिलसिला थम नहीं रहा है। विगत एक सप्ताह पहले भी बॉम्बे मार्बल में एक श्रमिक की मौत हुई थी और यह दूसरी घटना मार्बल खदान में हुई है। मार्बल माइंस व फैक्ट्रियों में घटित होने वाली घटनाओं में घायल मजदूरों को जबलपुर ही लेकर क्यों ले ले जाया जाता है। यह एक बहुत बड़ा प्रश्न है। मार्बल माइंस से कटनी की दूरी 25 किलोमीटर है तो वही जबलपुर की दूरी लगभग 70 किलोमीटर है। उसके बावजूद मार्बल माइंस व फैक्ट्रियों में घटित लोगों को जबलपुर ले जाया जाता है। उल्लेखनीय है कि हाल की घटनाएं स्थानीय लोगों के साथ घटित हुई। जिससे घटना की जानकारी सामने आ गई जबकि राजस्थान, बिहार, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ सहित अन्य प्रदेशों के मजदूर इन माइसं व फैक्ट्रियों में काम कर रहे हैं। ऐसी कई घटनाएं घटित हो जाती है। जिसकी सूचना स्थानीय मीडिया या प्रशासन को नहीं लग पाती है। ना ही इन माइसो में काम करने वाले मजदूरों की जानकारी स्थानीय प्रबंधन को है कि किस माइंस में कहां के लोग काम कर रहे हैं। मार्बल खदानों में काम करने वाले मजदूरों के सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किसी भी मांइस व फैक्ट्री में नहीं है। जिससे आए दिन लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं ना जाने कितने लोग मौत के काल में समा चुके हैं। सूत्रों का कहना है कि अनेका अनेक घटनाओं में पुलिस प्रशासन व खनिज अधिकारियों की मिलीभगत से ले देकर मामले को निपटा दिया जाता है।

### इनका कहना है

अभिषेक मार्बल में रविवार की सुबह 10 बजे में काम करने के दौरान मशीन का कोई बड़ा पाट्र्स मजदूर को लगा है। जिससे उसकी मौत होने की सूचना मिली है। मृतक का पोस्टमार्टम जबलपुर में हुआ है। डायरी आने के बाद शेष जानकारी मिलेगी तथा आगें कार्रवाई की जाएगी।

**-संजय दुबे, थाना प्रभारी, स्लीमनाबाद**


यशभारत हैल्पलाइन
अखबार की प्रति के लिए
फोन करें– 230033

JOHNSON
Not just tiles, Lifestyles.
सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ
मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता– टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

रत्ना मैरिज गार्डन
मुड़वारा स्टेशन के पास
शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर
बजट आपका व्यवस्था हमारी
एक बार अवश्य पधारें
शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से
पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था
शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेंस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान
पाठक वार्ड, कटनी
संपर्क :- 9425466630, 7999523588
कोरोना गाइड लाइन के तहत ही सभी कार्यक्रम का आयोजन होगा

इयूरेबल डिज़ाइनर फर्नीचर की फुल रेंज
अब है स्मार्ट फर्नीचर का जमाना
FURNITO
THE FURNITURE HUB...
गौरी शंकर मंदिर के पास, खैबर लाइन, माधव नगर कटनी (म.प्र.)
- Call - 9770037027

देवपद स्किन एवं हेयर क्लीनिक
डॉ. कनिका अग्रवाल
M.B.B.S. D.D.V. (Mumbai)
सौन्दर्य एवं चर्मरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल मुम्बई
कील मुहॉसे, दाद, खाज, खुजली, एलर्जी, टैनिंग, सफेद दाग, कुष्ठ रोग, मस्सा, तिल, कार्न वार्ट, सोराएसिस, एक्जीमा, एंटी एजिंग, नाखुन के रोग, बाल झड़ना, शिशु चर्मरोग, कान की सिलाई, पी.आर.पी केमिकल पीलिंग, मेडिफेशियल, डर्मारोलर
मिलने का समय–सुबह 9:30 बजे से दोप.11:30 बजे तक एवं सायं 4:30 बजे से सायं 7:30 बजे तक।
महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274

CITY Mall
EVERYTHING UNDER ONE ROOF
AVAILABLE FACILITIES
SHOPPING FUN FOOD ENTERTAINMENT HOSPITALITY
City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni (M.P)
Phone : +91 7622 422408, email : citymallkatni@gmail.com
ASSOCIATED WITH
BIG BAZAAR Making India Beautiful
Reliance digital
TRENDS GET THEM TALKING
PLANET FASHION
U-TURN
BOLSA
GALAXY GAME ZONE
Cine Pride Cinema
Food Junction The Food Court
HOTEL GRAND MERIDIAN
FLAVOURS Multi Cuisine Family Restaurant
GRAVITY THE PUB



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक–श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक–आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन– (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19–21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)